उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित

# UPPSC & UKPSC
# AE & Polytechnic Lecturer

## (सहायक अभियंता एवं पॉलिटेक्निक लेक्चरर)

# सामान्य अध्ययन

एवं

# सामान्य हिन्दी

## अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

**प्रधान सम्पादक**
ए.के. महाजन

**लेखक एवं संकलन**
परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**
बालकृष्ण, पंकज कुशवाहा

**संपादकीय कार्यालय**
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
**9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**
**© All rights reserved with Publisher**
**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने Printed by Digital से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

**मूल्य : 695/-**

# विषय-सूची

## सामान्य ज्ञान


- **इतिहास (History)........7-38**
  - प्राचीन इतिहास (Ancient History)........7-15
  - मध्यकालीन इतिहास (Medieval History)........16-22
  - आधुनिक इतिहास (Modern History)........22-38
- **भूगोल (Geography)........39-64**
  - भारत का भूगोल (Indian Geography)........39-56
  - विश्व का भूगोल (World Geography)........56-64
- **भारतीय संविधान एवं राज्य व्यवस्था (Indian Constitution & Polity)........65-90**
- **भारतीय अर्थव्यवस्था (Indian Economy)........91-103**
- **सामान्य विज्ञान एवं भारतीय कृषि (General Science & Indian Agriculture)........104-136**
  - भौतिक विज्ञान (Physics)........104-112
  - रसायन विज्ञान (Chemistry)........112-117
  - जीव विज्ञान (Biology)........117-128
  - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (Science and Technology)........128-136
- **पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (Environment & Ecology)........137-140**
- **जनसंख्या एवं नगरीकरण (Population and Urbanization)........141-143**
- **उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान (Uttar Pradesh General Knowledge)........144-149**
- **विविध (Miscellaneous)........150-178**


## सामान्य हिन्दी


- वर्णमाला........**179-182**
- संज्ञा से अव्यय तक........**182-189**
- लिंग/वचन/कारक........**190-193**
- संधि........**194-199**
- समास........**199-202**
- तद्भव-तत्सम, देशज-विदेशज, संकर शब्द........**203-216**
- उपसर्ग-प्रत्यय........**216-221**
- वर्तनी एवं वाक्य शुद्धीकरण, वाच्य........**221-246**
- पर्यायवाची........**246-266**
- विलोम शब्द........**266-275**
- विशेषण और विशेष्य........**275-287**
- वाक्यांश के लिए एक शब्द........**287-301**
- मुहावरा एवं लोकोक्ति........**301-311**
- भाषा विज्ञान एवं लिपि........**311-314**
- रस, छन्द एवं अलंकार........**314-318**
- रचना एवं रचनाकार........**318-328**
- विविध........**328-336**

# प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण

## उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के पूर्व सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा के प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट

| क्र. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | कुल परीक्षा प्रश्न | सामान्य अध्ययन | सामान्य हिन्दी |
|---|---|---|---|---|
| | **उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग** | | | |
| **A.** | **U.P. P.S.C. AE** | | | |
| | वर्ष 2004<br>वर्ष 2007 (I)<br>वर्ष 2007 (II)<br>वर्ष 2008<br>वर्ष 2011<br>वर्ष 2013 (परीक्षा तिथि : 10.04.2016)<br>वर्ष 2019 (परीक्षा तिथि : 13.12.2020)<br>वर्ष 2021 (परीक्षा तिथि : 29.05.2022) | 200<br>200<br>200<br>200<br>200<br>200<br>50<br>50 | 100<br>100<br>100<br>100<br>100<br>100<br>25<br>25 | 100<br>100<br>100<br>100<br>100<br>100<br>25<br>25 |
| **B.** | **U.P. P.C.S. (Pre) CSAT** | | | |
| | वर्ष 2012-2023 | 12 × 100 = 1200 | – | 240 |
| **C.** | **U.P. P.S.C. RO/ARO (Pre)** | | | |
| | वर्ष 2010-2017, 2016 (Re-Exam), 2021, 2023 (Cancelled) | 8 × 60 = 480 | – | 430 |
| **D.** | **U.K. P.S.C. AE** | | | |
| | वर्ष 2007, 2012, 2013, 2021, 2023, 2021 (Re Exam) | 12 × 100 = 1200 | 600 | 600 |
| | **कुल प्रश्न-पत्र = 48** | | **1250** | **1920** |

**नोट-** उपरोक्त प्रश्न-पत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त **सामान्य हिन्दी** एवं **सामान्य अध्ययन** से सम्बन्धित कुल **3170** प्रश्नों को प्रस्तुत किया गया है। ताकि प्रश्न पूछने की तकनीकि का प्रतियोगियों को लाभ मिल सके।

# परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

## प्रथम प्रश्न-पत्र

| विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. सामान्य हिन्दी | 25 (प्रत्येक प्रश्न 3 अंक) | 75 | 375 | 2.30 (ढाई) घण्टे |
| 2. मुख्य विषय (सिविल इंजी.-I, मैक. इंजी.-I, विद्युत इंजी.-I, कृषि इंजी.-I,) | 100 (प्रत्येक प्रश्न 3 अंक) | 300 | | |

## द्वितीय प्रश्न पत्र

| विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. सामान्य अध्ययन | 25 (प्रत्येक प्रश्न 3 अंक) | 75 | 375 | 2.30 (ढाई) घण्टे |
| 2. मुख्य विषय (सिविल इंजी.-II, मैक. इंजी.-II, विद्युत इंजी.-II, कृषि इंजी.-II) | 100 (प्रत्येक प्रश्न 3 अंक) | 300 | | |

**व्यक्तित्व परीक्षा (साक्षात्कार)** – **100 अंक**

**कुल योग** – **375 + 375 + 100 = 850 अंक**


## पाठ्यक्रम


**सामान्य हिन्दी–** हिन्दी का पाठ्यक्रम इस प्रकार बनाया जायेगा ताकि उम्मीदवार की हिन्दी भाषा की समझ और शब्दों के कुशल प्रयोग की जाँच हो सके। इसका स्तर हाई स्कूल का होगा।

**सामान्य अध्ययन–** सामान्य अध्ययन के प्रश्न-पत्र समसामायिक घटनाओं और ऐसी बातों की उनके वैज्ञानिक पहलुओं को ध्यान देते हुए जानकारी सम्मिलित होगी जो प्रतिदिन के अनुभव में आती है तथा जिनकी किसी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती हो। प्रश्न-पत्र में भारत का इतिहास, राजनीति और भूगोल के ऐसे प्रश्न भी सम्मिलित होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवार विशेष अध्ययन किये बिना ही दे सकेंगे।


# Trend Analysis of Previous Year Through Bar Graph and Pie Chart

## सामान्य अध्ययन




# सामान्य हिन्दी



रचना एवं रचनाकार, 87
वर्णमाला, 37
संज्ञा से अव्यय तक, 84
लिंग/वचन/कारक, 46
रस, छन्द एवं अलंकार, 32
विविध, 83
संधि, 51
भाषा विज्ञान एवं लिपि, 32
समास, 33
मुहावरा एवं लोकोक्ति, 102
तद्भव-तत्सम, देशज-विदेशज, संकर शब्द, 177
वाक्यांश के लिए एक शब्द, 155
उपसर्ग-प्रत्यय, 55
विशेषण और विशेष्य, 124
वर्तनी एवं वाक्य शुद्धीकरण, वाच्य, 260
पर्यायवाची, 217
विलोम शब्द, 103

37
84
46
51
33
177
55
260
217
103
124
155
102
32
32
87
83
वर्णमाला
संज्ञा से अव्यय तक
लिंग/वचन/कारक
संधि
समास
तद्भव-तत्सम, देशज-विदेशज, संकर शब्द
उपसर्ग-प्रत्यय
वर्तनी एवं वाक्य शुद्धीकरण, वाच्य
पर्यायवाची
विलोम शब्द
विशेषण और विशेष्य
वाक्यांश के लिए एक शब्द
मुहावरा एवं लोकोक्ति
भाषा विज्ञान एवं लिपि
रस, छन्द एवं अलंकार
रचना एवं रचनाकार
विविध

# 01.

# इतिहास (History)

## प्राचीन इतिहास (Ancient History)

### भारत की प्रागैतिहासिक संस्कृतियाँ (India's Prehistoric Culture)

**1. The early farming site located on the bank of lake is/झील के किनारे प्रारंभिक कृषि वाला स्थल है**

(a) Mehargarh/मेहरगढ़ (b) Lahuradeva/लहुरादेव
(c) Chirand/चिरांद (d) T. Narsipur/टी. नर्सीपुर

**UPPSC AE GS 2019**

**Ans. (b) :** झील के किनारे प्रारंभिक कृषि वाला स्थल लहुरादेव है। लहुरादेव झील उत्तर भारत की सबसे आरंभिक नियोलिथिक साइटों में से एक है जो मध्य गंगा क्षेत्र में स्थित है। लहुरादेव पर पुरातत्वविद राकेश तिवारी की 2009 में आई रिपोर्ट से नए सी 14 डेटिंग का पता चलता है जो चावल की खेती से जुड़े 8000 ई.पू. से 9000 ई.पू. के बीच के समय का है, जो लहुरादेव को सम्पूर्ण दक्षिण एशिया का सबसे आरम्भिक नियोलिथिक साइट बनाता है।

**2. The caves of Bhim Betka are famous for one of the following elements :/भीम बेटका की गुफाएं निम्नलिखित तत्त्वों में से किस एक के लिए प्रसिद्ध हैं?**

(a) Sculptures/मूर्तियों के लिए
(b) Rock-paintings/शैल–चित्रों के लिए
(c) Cave-architecture/गुहा–वास्तु के लिए
(d) Human-fossils/मानव–जीवाश्म के लिए

**UPPSC AE-2011**

**Ans. (b) :** भीमबेटका की गुफाएं अपने शैलचित्रों के लिए प्रसिद्ध है। यह मध्य प्रदेश प्रान्त के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है। यह आदि मानव द्वारा बनाए गए शैल चित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है। ये चित्र मानवजीवन के प्राचीनतम भारतीय उपमहाद्वीपीय चिन्ह है। इसकी खोज 1957–58 में डॉक्टर वी.एस. वाकणकर द्वारा की गई थी। भीमबेटका से 642 गुफाएं प्राप्त होती हैं जिसमें 400 गुफाओं में चित्रों का अंकन है।

**3. Damdama is a site belonging to**
**दमदमा नामक पुरास्थल सम्बन्धित है**

(a) Paleolithic period/पूर्व पाषाण काल से
(b) Neolithic period/नव पाषाण काल से
(c) Chalcolithic period/ताम्र पाषाण काल से
(d) Mesolithic period/मध्य पाषाण काल से

**UPPSC AE-2013**

**Ans. (d) :** दमदमा नामक पुरास्थल मध्य पाषाण काल से संबंधित है जो उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में स्थित है। प्रतापगढ़ के अन्य मध्य पाषाण काल से संबंधित क्षेत्र सरायनाहरराय, महदहा इत्यादि है। दमदमा पुरास्थल से हड्डी एवं सींग के उपकरण, आभूषण व शवाधान के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

### सिन्धु सभ्यता एवं संस्कृति (Indus Civilization and Culture)

**4. The People of the Indus Valley Civilization worshipped**
**सिन्धु घाटी सभ्यता के लोगों के आराध्य थे**

(a) Pashupati/पशुपति
(b) Indra and Varuna/इन्द्र और वरुण
(c) Brahma/ब्रह्मा
(d) Vishnu/विष्णु

**UK PSC AE GS 2007**

**Ans. (a) :** मोहनजोदड़ो से प्राप्त मुहरों पर तीन मुख वाला एक पुरुष ध्यान की मुद्रा में बैठा है, इन्हें पशुपति माना गया है। सिन्धु सभ्यता में मातृशक्ति की पूजा सर्वप्रधान थी। यहाँ से सबसे अधिक नारी की मृणमूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं। हड़प्पा से प्राप्त मुहर पर स्त्री के गर्भ से एक पौधा निकलता हुआ दिखाया गया है। हड़प्पा सभ्यता में पशुपति की पूजा प्रचलित थी।

**5. Which produce was not cultivated under Harappan Civilization?/हड़प्पा सभ्यता के अंतर्गत किस उत्पाद की खेती नहीं होती थी?**

(a) Barley/जौ (b) Sugarcane/गन्ना
(c) Rice/धान (d) Wheat/गेहूँ

**UKPSC AE GS 2013**

**Ans. (b) :** हड़प्पा सभ्यता में भारत की एक प्रमुख फसल गन्ने की खेती का साक्ष्य अभी तक नहीं मिला है। हड़प्पावासी विभिन्न प्रकार की फसलें उगाते थे। वे गेहूँ, जौ, धान, ज्वार, बाजरा आदि की खेती करते थे। इनका मुख्य खाद्यान्न गेहूँ और जौ थे। विश्व में सबसे पहले कपास पैदा करने का श्रेय हड़प्पावासियों को ही है। चूँकि सर्वप्रथम सिन्धु सभ्यता के लोगों ने ही कपास का उत्पादन शुरू किया था, इसलिए यूनान के लोग कपास को सिन्डन (Sinden) कहने लगे जो सिन्धु का ही यूनानी रूपान्तर है। कपास का प्राचीनतम साक्ष्य मेहरगढ़ पुरास्थल से प्राप्त हुआ है।

**6. The earliest evidence of cotton cultivation in India is obtained from :**
**भारत में कपास की खेती का सबसे पहला साक्ष्य .......... से प्राप्त हुआ है।**

(a) Harappa /हड़प्पा (b) Burzahom /बुर्जहोम
(c) Brahmagiri/ब्रह्मगिरि (d) Mehrgarh/मेहरगढ़

**UPPSC AE- 2007 Paper (I)**

**Ans. (d) :** भारतीय उपमहाद्वीप में कपास के उपयोग के सबसे पहला साक्ष्य मेहरगढ़ स्थल से प्राप्त हुआ जहाँ कपास के धागे तांबे के मोतियों में संरक्षित पाए गए है। यह संसार में कपास का प्राचीनतम साक्ष्य है।

**7. Which of the following Harappan sites has yielded an earthen plough?/हड़प्पा के किस स्थान पर मिट्टी के हल की आकृति मिली है?**

(a) Harappa/हड़प्पा (b) Kalibangn/कालीबंगन

(c) Dholavira/धौलावीरा (d) Banawali/बनावली

**UPPSC AE- 2007 Paper (I)**

**Ans. (d) :** बनवाली/बनावली से मिट्टी के हल की आकृति मिली है। यह हरियाणा के हिसार जिले में सिंधु घाटी सभ्यता काल से संबंधित एक पुरातात्विक स्थल है। यह स्थल सरस्वती नदी के सूखे तट के बाई ओर स्थित है। यहाँ पर हड़प्पा के तीनों स्तर प्राप्त होते हैं।

**8. Which of the following Harappan sites has yielded evidence of coffin burial?**
**निम्न में से किस हड़प्पा स्थान (स्थल) से शवपेटिका (ताबूत) के प्रमाण मिले है?**

(a) Mohenjodaro/मोहन जोदड़ो

(b) Harappa/हड़प्पा

(c) Ropar/रोपड़

(d) Lothal/लोथल

**UPPSC AE- 2007 Paper (I)**

**Ans. (b) :** शवपेटिका (ताबूत) के साक्ष्य हड़प्पा नामक स्थल से प्राप्त हुआ है। हड़प्पा पुरास्थल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में माण्टगोमरी जिले में रावी नदी के बाएँ तट पर स्थित था। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से सिन्धु सभ्यता का दूसरा बड़ा स्थल है। यह लगभग 150 हेक्टेयर में बसा हुआ था।

**9. Which was the port town of the Indus Valley Civilization?/सिंधु घाटी सभ्यता का पोर्ट टाउन (बंदरगाह) निम्न में से कौन था?**

(a) Kalibangan/कालीबंगा

(b) Ropar/रोपड़

(c) Lothal/लोथल

(d) Mohenjodaro/मोहनजोदड़ो

**UPPSC AE-2008**

**Ans. (c) :** लोथल का टीला अहमदाबाद (गुजरात) जिले में सरगवाला नामक ग्राम के समीप स्थित है। इस स्थल की खोज सन् 1954 में डॉ. एस. आर. रॉव ने की थी। लोथल के पूर्वी भाग में एक 'गोदीवाड़ा' का साक्ष्य मिला है। इसकी लम्बाई 223 मीटर, चौड़ाई 35 मी. तथा गहराई 38 मी. थी। यह एक नहर के द्वारा 'भोगवा नदी' से जुड़ा हुआ था। यह विश्व का प्राचीनतम ज्ञात गोदीवाड़ा है।

**10. The largest number of Harappan sites in post-independence India have been discovered in**
**भारत में स्वतंत्रता के बाद सर्वाधिक संख्या में हड़प्पन स्थलों की खोज हुई है–**

(a) Rajasthan/राजस्थान

(b) Gujarat/गुजरात में

(c) Punjab and Haryana/पंजाब और हरियाणा में

(d) North West Uttar Pradesh
उत्तरी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में

**UPPSC AE- 2007 Paper (II)**

**Ans. (b) :** हड़प्पा सिन्धु संस्कृति का उदय ताम्र पाषाणिक पृष्ठभूमि पर भारतीय उपमहाद्वीप के पश्चिमोत्तर भाग में हुआ। हड़प्पा सभ्यता का केन्द्र स्थल पंजाब और सिन्ध में मुख्यत: सिन्ध घाटी में पड़ता है। भारत में स्वतंत्रता के बाद सर्वाधिक संख्या में हड़प्पन स्थलों की खोज गुजरात राज्य में हुई। जबकि स्वतंत्रता के बाद उत्खनित प्रथम स्थल पंजाब का रोपण था।

**11. From which of the following sites, evidence of fortification the early Harappan period has been found?/निम्नलिखित में से किस स्थल से, प्रारम्भिक हड़प्पा काल में दुर्गीकरण के साक्ष्य मिले हैं?**

(a) Banawali/बनावली (b) Ropar/रोपड़

(c) Lothal/लोथल (d) Amri/आम्री

**UPPSC AE-2013**

**Ans. (d) :** प्राक् हड़प्पा काल के पुरातात्विक स्थल आम्री से प्राक् हड़प्पन दुर्गीकरण के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। यहाँ के मृदभाण्डों पर पशुओं के अंकन तथा बारहसिंघा के साक्ष्य मिले हैं। आम्री की खोज 1929 में एन.जी. मजूमदार ने की थी।

## ऋग्वैदिक एवं उत्तर-वैदिक काल
## (Rigvedic and Post Vedic Era)

**12. Gayatri Mantra is related to to______.**
**गायत्री मंत्र______से संबंधित है–**

(a) Savit/सवित (b) Agni/अग्नि

(c) Vishnu/विष्णु (d) Indra/इंद्र

**UKPSC AE 2021 (Cancelled)**

**Ans.(a):** गायत्री मंत्र सवित (सूर्य) से सम्बन्धित है। गायत्री मंत्र भगवान सूर्य देव की स्तुति और आराधना के लिए किया जाता है। यह मंत्र ऋषि विश्वामित्र द्वारा रचित है। ऋग्वेद के तीसरे मण्डल में गायत्री मंत्र की व्यख्या है।

**13. What was the ancient name of river 'Jhelum'?**
**'झेलम' नदी का प्राचीन नाम क्या था?**

(a) Askini/अस्किनी (b) Vipasa/विपासा

(c) Vitasta/वितस्ता (d) Parushni/परुष्णी

**UKPSC AE 2021 (Cancelled)**

**Ans.(c):** झेलम नदी का प्राचीन नाम वितस्ता था। झेलम सिन्धु की एक महत्वपूर्ण सहायक नदी है जो कश्मीर की घाटी में दक्षिण-पूर्वी भाग में पीर पंजाल तल पर स्थित वेरीनाग में एक झरने से निकली है। झेलम पाकिस्तान में झांग के पास चिनाब में मिलती है।

**14. Who propounded the 'Samkhya Philosophy'?**
**'सांख्य दर्शन' किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया?**

(a) Charak/चरक (b) Kapil/कपिल

(c) Patanjali/पतंजलि (d) Kautilay/कौटिल्य

**UKPSC AE 2021 (Re-exam)**

**Ans.(b):** सांख्य दर्शन कपिल मुनि द्वारा प्रतिपादित किया गया था। सांख्य दर्शन जिसका शाब्दिक अर्थ संख्या अथवा अंक होता है, षड्दर्शन में सबसे प्राचीन है। इसका उल्लेख भगवद्गीता में भी है। सांख्य दर्शन जैन धर्म से सम्बन्धित है।

**15. In which of the following Puranas, the five characteristics of the Puranas are mentioned?**
**निम्नलिखित में से किस पुराण में, पुराणों के पाँचों लक्षणों का उल्लेख मिलता है?**

(a) Vaman/वामन (b) Matsya/मत्स्य

(c) Vayu/वायु (d) Vishnu/विष्णु

**UPPSC AE 2021**

**Ans. (b) :** मत्स्य पुराण में, पुराणों के पाँचों लक्षणों का उल्लेख मिलता है। पुराण के पाँच लक्षण हैं-

(i) सर्ग (ii) प्रतिसर्ग (iii) वंश
(iv) मन्वन्तर (v) वंशानुचरित

**16. Which Veda, deals with the science of medicine?**
**किस वेद में चिकित्साशास्त्र की चर्चा हुई है?**

(a) Rigveda/ऋग्वेद (b) Samaveda/सामवेद
(c) Yajurveda/यजुर्वेद (d) Atharvaveda/अथर्ववेद

**UK PSC AE GS 2007**

**Ans. (d) :** चिकित्सा शास्त्र का वर्णन मुख्यतः अथर्ववेद में किया गया है। अथर्व का अर्थ अंकपन होता है। ज्ञान से श्रेष्ठ कर्म करते हुए जो परमात्मा की उपासना में लीन रहता है वही अकंपन बुद्धि को प्राप्त होकर मोक्ष धारण करता है। इस वेद में रहस्यमयी विद्याओं, जड़ी-बूटियों, चमत्कार और आयुर्वेद आदि का जिक्र है। इसके 20 अध्यायों में 5687 मंत्र है। इसके आठ खण्ड हैं जिनमें भेषजवेद और धातुवेद महत्त्वपूर्ण है।

**17. 'Shulva Sutras' were related to:-**
**'शुल्व सूत्र' सम्बन्धित थेः-**

(a) Rules of the society/सामाजिक नियमों से
(b) Medicine/औषधि से
(c) Military Techniques/सैन्य प्राविधि से
(d) Measurements and construction of fire altars
अग्नि वेदिकाओं के माप एवं निर्माण से

**UKPSC AE GS 2013**

**Ans. (d) :** शूल्व का अर्थ 'नापने की डोरी' है। इनमें यज्ञीय वेदियों को नापने, उनके स्थान चयन और निर्माण का वर्णन है। वैदिक ज्यामिति (रेखा गणित) का प्रारम्भ शूल्व सूत्र से ही माना जाता है।

**18. In which of the following Vedas the word "Itihasa" is mentioned?/''इतिहास'' शब्द का उल्लेख निम्न में से किस वेद में मिलता है?**

(a) Atharvaveda/अथर्ववेद में
(b) Rigveda/ऋग्वेद में
(c) Yajurveda/यजुर्वेद में
(d) Samveda/सामवेद में

**UPPSC AE-2011**

**Ans. (a) :** अथर्ववेद मे गणित, विज्ञान, आयुर्वेद, समाज शास्त्र, कृषि विज्ञान के अलावा इतिहास का भी उल्लेख मिलता है। इससे 'मोक्ष' के संबंध में जानकारी मिलती है। इसे 'ब्रह्म' वेद भी कहा जाता है। इसमें 20 अध्याय, 731 सूक्त और 6000 मंत्र हैं। इसकी रचना अथर्वा और आंगिरस ऋषि ने किया।

**19. The battle of ten kings as referred to in the Rigveda, was fought on the bank of the river**
**ऋग्वेद में उल्लिखित दस राजाओं का संग्राम किस नदी के तट पर हुआ था?**

(a) Vitasta/वितस्ता (b) Asikni/असिकनी
(c) Parushni/परुष्णी (d) Vipasa/विपासा

**UPPSC AE-2013**

**Ans. (c) :** दसराज्ञ युद्ध या दस राजाओं का युद्ध का उल्लेख ऋग्वेद के सातवे मण्डल में मिलता है। इसमें 'भरत' जन के राजा सुदास तथा अन्य दस राजाओं के मध्य युद्ध हुआ था जिसमें सुदास की विजय हुयी थी। वशिष्ठ सुदास के गुरु थे। यह युद्ध परूष्णी नदी के तट पर लड़ा गया।

## छठीं शताब्दी ई.पू. की राजनीतिक दशा, महाजनपदों का उदय एवं मगध साम्राज्य (Political Condition during 6th Century BC, Emergence of Mahajanpada & Magadha Empire)

**20. In ancient India, the earliest capital of Magadh kingdom was at :**
**प्राचीन भारत में मगध साम्राज्य की सबसे प्रारंभिक राजधानी थी–**

(a) Patliputra/पाटलिपुत्र (b) Rajgriha/राजगृह
(c) Vaishali/वैशाली (d) Gaya/गया

**UPPSC AE-2011**

**Ans. (b) :** प्राचीन भारत में मगध साम्राज्य की प्रथम राजधानी राजगृह थी। राजगीर का प्राचीन नाम राजगृह था। जबकि पाटलिपुत्र की स्थापना अजातशत्रु के उत्तराधिकारी उदायिन ने किया था। उदायिन ने ही मगध साम्राज्य की राजधानी राजगृह से पाटलिपुत्र स्थानांतरित किया था।

## जैन धर्म (Jainism)

**21. The first Tirthankar of Jain religion was:-**
**जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर थेः-**

(a) Mahavir/महावीर (b) Parshwanath/पार्श्वनाथ
(c) Rishabhdev/ऋषभ देव (d) Neminath/नेमिनाथ

**UKPSC AE GS 2013**

**Ans. (c) :** जैन धर्म के संस्थापक ऋषभ देव थे, जैन परम्परा के अनुसार इस धर्म में 24 तीर्थकर हुए, जिसमें ऋषभदेव प्रथम तीर्थकर थे। इनको आदिनाथ के नाम से भी जाना जाता है, तथा इन्हें बाद की परम्परा में स्वयं भगवान शंकर का अवतार भी कहा जाता है। ऋग्वेद में केवल दो तीर्थंकरों ऋषभदेव तथा अरिष्टनेमि का उल्लेख मिलता है।

**22. The Ajanta Caves were built in:-**
**अजन्ता की गुफाऐं बनाई गई थीः-**

(a) 500BCE to 1800 BCE
500 ई. पूर्व से 1800 ई. पूर्व के मध्य
(b) 500 BCE to 1000 BCE
500 ई. पूर्व से 1000 ई. पूर्व के मध्य
(c) 200 BCE to 700 BCE
200 ई. पूर्व से 700 ई. सन् के मध्य
(d) 300 CE to 1000 CE
300 ई. सन् से 1000 ई. सन् के मध्य

**UKPSC AE GS 2013**

**Ans. (c) :** अजन्ता की गुफाऐं 200 ई.पू. से 650 ई. के मध्य बनाई गई थी। ये गुफाएं महाराष्ट्र में औरंगाबाद के पास वाघोरा नदी के पास सह्याद्रि पर्वतमाला (पश्चिम घाट) में रॉक-कट गुफाओं की एक श्रृंखला के रुप में स्थित है। इसमें कुल 29 गुफाऐं (सभी बौद्ध) है, जिनमें से 25 को विहार के रुप में जबकि 4 को चैत्य या प्रार्थना हॉल के रुप में इस्तेमाल किया जाता था। अजंता की गुफाओं की जानकारी चीनी बौद्ध यात्रियों फाहियान और ह्वेनसांग के यात्रा वृत्तांतों में पायी जाती है। इन गुफाओं को 1983 में यूनेस्को ने विश्व विरासत स्थल घोषित किया था।

**23. Which philosophy is associated with the Mahayana Buddhism:-**
**कौन सा दर्शन महायान बौद्ध धर्म से सम्बन्धित है?**

(a) Vaibhashika/वैभाशिक (b) Sautrantika/सौत्रान्त्रिक
(c) Shunyavada/शून्यवाद (d) Syad Vada/स्याद वाद

**UKPSC AE GS 2013**

**Ans. (c) :** शून्यवाद दर्शन महायान के बौद्ध धर्म से सम्बन्धित है। शून्यवाद के प्रवर्तक नागार्जुन है। महायान की स्थापना नागार्जुन ने की थी। महायान का आदर्श बोधिसत्व कालान्तर में दो भागों में बंट गया। शून्यवाद (माध्यमिक) तथा विज्ञानवाद (योगाचर)।

**24. The sacred books of Jains are called**
**जैनियों की पवित्र पुस्तकें कहलाती हैं-**
(a) Angas/अँग
(b) Parvas/पर्व
(c) Upangas/उपँग
(d) Agama Siddhanta/आगम सिद्धान्त

**UPPSC AE- 2007 Paper (II)**

**Ans. (d) :** जैन धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है। ऋषभदेव जैन धर्म के प्रवर्तक और पहले तीर्थंकर थे। महावीर जैनियों के 24वें तीर्थंकर एवं जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक माने जाते हैं। जैन धर्मग्रंथ के सबसे पुराने आगम ग्रंथ 46 माने जाते हैं जो जैनियों की पवित्र पुस्तकें कहलाती है।

## बौद्ध धर्म (Buddhism)

**25. The first sermon of Gautam Buddha was delivered at:**
**गौतम बुद्ध ने प्रथम धार्मिक प्रवचन कहाँ दिया था-**
(a) Sarnath /सारनाथ
(b) Lumbini /लुम्बिनी
(c) Gaya/गया
(d) Kapilvastu/कपिलवस्तु

**UPPSC AE- 2007 Paper (I)**

**Ans. (a) :** गौतम बुद्ध ने प्रथम धार्मिक प्रवचन सारनाथ में दिया था। यहाँ पर उन्होंने पाँच ब्राह्मण संन्यासियों को अपना प्रथम उपदेश दिया, जिसे बौद्ध ग्रन्थों में धर्म चक्र प्रवर्तन नाम से जाना जाता है। बौद्ध संघ में प्रवेश सर्वप्रथम यहीं से प्रारम्भ हुआ।

**26. The first human statues worshipped in India were those of/भारत में सर्वप्रथम मानवमूर्तियों की पूजा निम्न में से किसकी हुई थी?**
(a) Brahma/ब्रह्मा (b) Buddha/बुद्ध
(c) Shiva/शिव (d) Vishnu/विष्णु

**UPPSC AE-2008**

**Ans. (b) :** भारत में सर्वप्रथम मानव मूर्ति की पूजा बुद्ध की हुई थी। कनिष्क के काल में मथुरा और गांधार में पर्याप्त मात्रा में बुद्ध की मूर्तियाँ बनाई गई। बुद्ध की मूर्ति पूजा महायान सम्प्रदाय में कनिष्क के काल से ही प्रचलन में आई।

**27. Which event of Buddha's life is represented by "wheel with deer" in India art?**
**भारतीय कला में बुद्ध के जीवन की किस घटना का चित्रण ''मृग सहित चक्र'' द्वारा हुआ है?**
(a) Great Departure/महाभिनिष्क्रमण
(b) Enlightenment/संबोधि
(c) First Preaching/प्रथम उपदेश
(d) Nirvana/निर्वाण

**UPPSC AE-2004**

**Ans. (c) :** भारतीय कला में बुद्ध के जीवन की घटना 'प्रथम उपदेश' का चित्रण 'मृग सहित चक्र' द्वारा हुआ है। बुद्ध से संबंधित घटनाएं व संबंधित चिन्ह निम्न है-

| **घटना** | **चिह्न** |
|---|---|
| जन्म | कमल |
| प्रथम प्रवचन | धर्मचक्र प्रवर्तन |
| महाबोधि | बोधिवृक्ष |
| गृह त्याग | घोड़ा |

## मौर्य साम्राज्य (Mauryan Empire)

**28. For which purpose 'Araghattaghati-Yantra' was used:-/'अरघट्टघटी-यंत्र' का उपयोग किस प्रयोजन हेतु होता था?**
(a) For irrigation/सिंचाई हेतु
(b) for weaving cloth/वस्त्र बुनने हेतु
(c) For calculating time /समय की गणना हेतु
(d) For the construction of building
भवन निर्माण हेतु

**UKPSC AE GS 2013**

**Ans. (a) :** अरघट्ट कुएं से पानी को ऊपर निकालने वाला एक उपकरण था, जिसका प्रयोग मुख्यतः सिंचाई के लिए किया जाता था। गाथासप्तशती से ज्ञात होता है, कि संभवतः सबसे पहले अरघट्ट का प्रयोग सिंचाई के लिए आंध्र सातवाहन काल में किया जाने लगा था। परवर्ती उत्तर गुप्त काल में अरघट्ट का प्रयोग सिंचाई के लिए बहुतायत रूप से होने लगा।

**29. Who was the founder of the Nanda dynasty in ancient India?**
**प्राचीन भारत में नन्दवंश का संस्थापक कौन था?**
(a) Kalashok/कालाशोक
(b) Mahapadma nand/महापद्मनन्द
(c) Ghananand/घनानन्द
(d) Ajatshatru/अजातशत्रु

**UK PSC AE GS 2012**

**Ans. (b) :** प्राचीन भारत में नन्दवंश का संस्थापक महापद्मनन्द था। भारतीय इतिहास में पहली बार एक ऐसे साम्राज्य की स्थापना हुई जो कुलीन नहीं था। पुराणों में महपद्मनन्द को सर्वक्षत्रात्तक (क्षत्रियों का नाश करने वाला) तथा भार्गव (दूसरे परशुराम का अवतार) कहा गया है। इसने एकराट और एकछत्र की उपाधि धारण की थी। इसका पुत्र घनानन्द सिकन्दर का समकालीन था।

**30. In which city was the capital of Mauryas?**
**मौर्यों की राजधानी किस नगर में थी?**
(a) Kannauj/कन्नौज (b) Patliputra/पाटलीपुत्र
(c) Vaishali/वैशाली (d) Ujjain/उज्जैन

**UK PSC AE GS 2012**

**Ans. (b) :** मौर्यों की राजधानी पाटलीपुत्र नगर में थी। मौर्य वंश का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य था। जिसने मौर्य वंश की स्थापना मगध में की थी। बौद्ध व जैन ग्रंथों में चन्द्रगुप्त मौर्य को 'मोरिय क्षत्रिय' कहा गया है। मौर्य वंश का अंतिम शासक वृहद्रथ था।

**31. Chanakya's other name was:**
**चाणक्य का दूसरा नाम था-**
(a) Bhattaswami/भट्टस्वामी
(b) Rajashekara/राजशेखर

(c) Vishnugupta/विष्णुगुप्त
(d) Vishankhadatta/विशाखादत्त

**UPPSC AE- 2007 Paper (I)**

**Ans. (c) :** चाणक्य का अन्य नाम- विष्णुगुप्त, कौटिल्य व द्विजर्षभ (श्रेष्ठ ब्राह्मण) था। उन्होंने 'अर्थशास्त्र' की रचना की थी। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, राजनीति व लोक-प्रशासन पर आधारित था। कौटिल्य को 'भारत का मैकियावेली' भी कहा जाता है।

**32. Where did Chandragupta Maurya spend his last dyas?**
**चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने अन्तिम दिन कहाँ व्यतीत किये थे?**

(a) Pataliputra/पाटलिपुत्र में
(b) Kannauj/कन्नौज में
(c) Sravana Belgola/श्रवण बेलगोला में
(d) None of the above/उपरोक्त में कहीं नहीं

**UPPSC AE-2011**

**Ans. (c) :** मौर्य साम्राज्य का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य का राज्यारोहण 322 ई. पू. में किया गया। मेगस्थनीज उसके साम्राज्य में आने वाला यूनानी राजदूत था। उसका मंत्री 'चाणक्य' था। जैनग्रन्थ 'राजावली कथा' में उल्लेख मिलता है कि चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने पुत्र सिंहसेन को सिंहासन सौंपकर चन्द्रगिरि पर्वत (श्रवण वेलगोला) चला गया और वहीं पर संलेखना पद्धति द्वारा अपने जीवन का अन्त कर लिया।

**33. Which of the following inscriptions of Ashoka, indicates the principle of religious tolerance?**
**निम्नलिखित में से अशोक के किस अभिलेख में धार्मिक सहिष्णुता के सिद्धान्त की बात कही गई है?**

(a) Rock Edict XII/शिलालेख XII
(b) Rock Edict X/शिलालेख X
(c) Pillar Edict VII/स्तम्भालेख VII
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**UPPSC AE-2013**

**Ans. (a) :** अशोक के 12वें (XII) शिलालेख में धार्मिक सहिष्णुता के सिद्धान्त की बात कही गई है। इस शिलालेख में अशोक कहता है कि – सभी सम्प्रदायों के सार वृद्धि हो, क्योंकि सबका मूल संयम है। लोग अपने सम्प्रदाय की प्रशंसा और दूसरे सम्प्रदाय की निन्दा न करें। मौर्य राजवंश के शासक अशोक के कई अभिलेख प्राप्त हुए है।

## प्राचीन भारत पर विदेशी आक्रमण
## (Foreign Invasion on Ancient India)

**35. Famous Ayurvedacharya Charak adorned the court of**
**आयुर्वेद के प्रसिद्ध विद्वान चरक अलंकृत करते थे दरबार**

(a) Chandragupta Vikramaditya
चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के
(b) Asoka/अशोक के
(c) Kanishka/कनिष्क के
(d) Pushyamitra Sunga/पुष्यमित्र शुंग के

**UPPSC AE-2008**

**Ans. (c) :** चरक आयुर्वेदाचार्य थे। ये कुषाण शासक कनिष्क के राजवैद्य थे। इन्होंने 'चरक संहिता' की रचना की है। चरक की गणना भारतीय औषधि विज्ञान के मूल प्रवर्तकों में की जाती है। चरक की शिक्षा तक्षशिला विश्वविद्यालय में हुई। इनकों भारतीय चिकित्सा के पिता के रूप में जाना जाता है। कनिष्क के समय में चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन कश्मीर के कुण्डलवन में हुआ था। इस संगीति के अध्यक्ष वसुमित्र थे।

## दक्षिण भारत का इतिहास (चोल, चालुक्य, पल्लव)
## (History of South (Deccan) India - Chola, Chalukya, Pallava)

**36. The Brihadisvara Temple dedicated to Lord Siva in 1014 is situated at which of the following places?**
**बृहदेश्वर मंदिर जो भगवान शिव को वर्ष 1014 में समर्पित किया गया था, निम्न में से किस स्थान में स्थित है?**

(a) Kumbakonam/कुम्बाकोनम में
(b) Chidambaram/चिदम्बरम में
(c) Kanchipuram/काँचीपुरम में
(d) Thanjavur/तंजावूर में

**UPPSC AE-2008**

**Ans. (d) :** वृहदीश्वर मंदिर तमिलनाडु के तंजावुर अथवा तंजौर में स्थापित है। यह मंदिर चोल वास्तुकला का अद्भुत नमूना है। चोल शासक राजराज प्रथम द्वारा बनवाया गया। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इस मंदिर का निर्माण 1003-1011 ई. के मध्य हुआ था।

**37. Brihadeswara temple of Tanjavur was constructed during the region period of :**
**तन्जौर का वृहदीश्वर मन्दिर निम्न में से किसके शासन काल में बना?**

(a) Vijayalaya/विजयालय
(b) Rajaraja–I/राजराज प्रथम
(c) Rajendra/राजेन्द्र
(d) Kulottunga/कुलोतुंग

**UPPSC AE-2011**

**Ans. (b) :** बृहदीश्वर अथवा बृहदेश्वर मन्दिर तमिलनाडु के तंजौर में स्थित एक शैव मन्दिर है। जो 11वीं सदी के आरम्भ में बनाया गया है। इसे तमिल भाषा में वृहदीश्वर के नाम से जाना जाता है। यह मन्दिर पूरी तरह से ग्रेनाइट निर्मित है। इसे 1003 में 1011 ई. के बीच चोल शासक राजराज प्रथम ने करवाया था। यह भगवान शिव को समर्पित है। यह अपनी भव्यता, वास्तुशिल्प, केन्द्रीय गुम्बद से लोगों को आकर्षित करता है। इस मन्दिर को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया है।

## गुप्त काल (Gupta Period)

**38. Who is known as 'Napolean of India'?**
**कौन 'भारत का नैपोलियन' नाम से विश्रुत है?**

(a) Akbar/अकबर
(b) Malik Ambar/मलिक अम्बर
(c) Chandragupta Maurya/चन्द्रगुप्त मौर्य
(d) Samudragupta/समुद्रगुप्त

**UKPSC AE GS 2013**

**Ans. (d) :** चन्द्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी समुद्रगुप्त हुआ जो 335 ई. में राजगद्दी पर बैठा। इसने आर्यावर्त के 9 शासकों और दक्षिणावर्त के 12 शासकों को पराजित किया। इन्हीं विजयों के कारण इसे भारत का नेपोलियन कहा जाता है। समुद्रगुप्त विजेता के साथ-साथ कवि, संगीतज्ञ तथा विद्या का संरक्षक था उसके सिक्को पर उसे वीणा बजाते हुए चिन्हित किया गया है तथा कवि राज की उपाधि प्रदान की गई है। हरिषेण द्वारा रचित प्रयाग स्तम्भ लेख में समुद्रगुप्त 'धर्म प्रचारक बंधु' उपाधि का उल्लेख मिलता है।

**39. In which dynasty the 'decimal system' was introduced?**
**किस राजवंश में 'दशमलव प्रणाली' प्रचलित हुई थी?**

(a) Mauryan dynasty/मौर्य राजवंश
(b) Gupta dynasty/गुप्त राजवंश
(c) Kushan dynasty/कुषाण राजवंश
(d) Vardhan dynasty/वर्धन राजवंश

**UK PSC AE GS 2012**

**Ans. (b) :** गुप्त साम्राज्य का नींव रखने वाला शासक श्री गुप्त था। श्री गुप्त ने 275 ई. में गुप्त वंश की स्थापना की थी। गुप्त वंश की जानकारी वायुपुराण से प्राप्त होती है। गुप्तकाल की राजकीय भाषा संस्कृत थी। ये भी माना जाता है कि दशमलव प्रणाली की शुरुआत एवं मन्दिरों का निर्माण कार्य भी गुप्त काल में ही शुरू हुआ था।

**40. Who of the following Gupta rulers is credited with issuing inscriptions for the first time?**
**निम्न में से किस गुप्त शासक को पहली बार अभिलेख जारी करने का दायित्व दिया जाता है?**

(a) Chandragupta I/चंद्रगुप्त I
(b) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(c) Chandragupta II/चंद्रगुप्त II
(d) Sri Gupta/श्रीगुप्त

**UPPSC AE- 2007 Paper (I)**

**Ans. (b) :** गुप्त शासक समुद्रगुप्त को पहली बार अभिलेख जारी करने का श्रेय दिया जाता है। इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख एक प्रशस्ति है, जो उसके दरबारी हरिषेण द्वारा रचित है। यह समुद्रगुप्त के विजय अभियान को दर्शाता है।

**41. Which of the Gupta rulers has been described as Napoleon of India?**
**किस गुप्त शासक को भारत का नैपोलियन कहा गया है?**

(a) Chandragupta I/चन्द्रगुप्त प्रथम
(b) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(c) Chandragupta II/चन्द्रगुप्त द्वितीय
(d) Skandgupta/स्कन्दगुप्त

**UPPSC AE-2011**

**Ans. (b) :** विन्सेट स्मिथ ने समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन कहा है। समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त प्रथम के बाद गुप्त साम्राज्य का शासक बना। समुद्रगुप्त के सामरिक विजयों का उल्लेख हरिषेण के प्रयाग प्रशस्ति में मिलता है। समुद्रगुप्त विजेता के साथ-साथ कवि, संगीतज्ञ और विधा का संरक्षक भी था। उसका शासनकाल 335 ई. से 375 ई. तक था।

## गुप्तोत्तर काल (Post-Gupta Period)

**42. 'Harshacharita' was written by:-**
**'हर्ष चरित' के लेखक थेः-**

(a) Hsuan Tsang/ह्वेनसाँग (b) Jayashi/जायसी
(c) Kalhan/कल्हण (d) Banabhatta/बाण भट्ट

**UKPSC AE 2021 (Re-exam)**
**UKPSC AE GS 2013**

**Ans. (d) :** हर्षचरित के लेखक बाणभट्ट थे, बाणभट्ट हर्षवर्धन के दरबारी कवि थे। हर्षचरित तथा कादम्बरी इनकी प्रमुख कृतियां हैं। 'हर्षचरित' वर्धन इतिहास का सर्वप्रमुख स्रोत है। इसे ऐतिहासिक विषय पर गद्यकाव्य लिखने का प्रथम सफल प्रयास कहा जा सकता है।

**43. Durinig the reign of Harsha, which educational cnetre was most famous?**
**हर्ष के शासनकाल में, कौन-सा शैक्षणिक केन्द्र सर्वाधिक प्रसिद्ध था?**

(a) Taxila/तक्षशिला (b) Nalanda/नालन्दा
(c) Vikramshila/विक्रमशिला (d) Kashi/काशी

**UK PSC AE GS 2012**

**Ans. (b) :** हर्षवर्धन का शासन काल 606 से 647 ई. तक था। उसने महायान बौद्ध धर्म को राजधर्म बनाया तथा इसको संरक्षण प्रदान किया। इसके समय में नालन्दा विश्वविद्यालय महायान बौद्ध धर्म का प्रमुख शिक्षा केन्द्र था जहाँ एशिया के विभिन्न क्षेत्रों से छात्र शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। प्रसिद्ध तीर्थयात्री ह्वेनसांग ने भी छः वर्ष तक नालन्दा में रहकर बौद्ध धर्म का अध्ययन किया था।

**44. The town of Harsud in Madhya Pradesh was founded by:**
**मध्य प्रदेश के हरसूद शहर का निर्माण किया :**

(a) Ashoka/अशोक
(b) Bhoj/भोज
(c) Harshvardhan/हर्षवर्धन
(d) Vikramaditya/विक्रमादित्य

**UPPSC AE- 2007 Paper (I)**

**Ans. (c) :** हरसूद शहर मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में था। यह शहर 700 साल से अधिक पुराना था, लेकिन यह जुलाई 2004 में इंदिरा सागर बांध के नीचे डूब गया। हरसूद शहर की स्थापना हर्षवर्धन ने की थी।

**45. Two great religious conferences were held by King Harshavardhan at**
**सम्राट हर्षवर्धन ने दो महान धार्मिक सम्मेलनों का आयोजन किया था**

(a) Kannauj and Prayag/कन्नौज तथा प्रयाग में
(b) Prayag and Thaneshwar/प्रयाग तथा थानेश्वर में
(c) Thaneshwar and Vallabhi
थानेश्वर तथा वल्लभी में
(d) Vallabhi and Prayag/वल्लभी तथा प्रयाग में

**UPPSC AE-2008**

**Ans. (a) :** सम्राट हर्षवर्द्धन ने दो महान धार्मिक सम्मेलनों का आयोजन कन्नौज और प्रयाग में किया। इस सम्मेलन में ह्वेनसांग उपस्थित था। हर्ष द्वारा लिखी गयी तीन नाटक नागानन्द, रत्नावली और प्रियदर्शिका संस्कृत साहित्य की अमूल्य निधियाँ है। कवि वाणभट्ट ने हर्ष की जीवनी की रचना 'हर्षचरित' में की है।

## प्राचीन भारत में स्थापत्य कला (Architecture in Ancient India)

**46. A large tank near Mahoba, temples at Ajaygarh and Mahoba and city of Rajavasini were built by a Chandella King**
**महोबा के पास एक बड़े तालाब, अजयगढ़ और महोबा में मंदिरों तथा राजवासिनी नगर का निर्माण करने वाला चन्देल राजा था**

(a) Nannuk/नन्नुक (b) Vakpati/वाक्पति
(c) Rahil/राहिल (d) Jayashakti/जयशक्ति

**UPPSC AE GS 2019**

**Ans. (c) :** चंदेल शासक राहिल ने वास्तु तथा झीलों के निर्माण की वह परंपरा प्रारम्भ की जिससे चन्देल भारतीय इतिहास में अमर हो गए। उसने अजयगढ़ और महोबा में मंदिर, महोबा के निकट राहिल्य सागर तालाब तथा राजवासिनी नगर का निर्माण करवाया।

**47. In which dynastic period was constructed the Jageshwar temple?/जागेश्वर मंदिर का निर्माण किस राजवंश के शासनकाल में किया गया था?**

(a) Chandra Vansh/चन्द्र वंश

(b) Surya Vansh/सूर्य वंश

(c) Pawar Vansh/पवार वंश

(d) Katyuri Vansh/कत्यूरी वंश

**UK PSC AE GS 2007**

**Ans. (d) :** उत्तर भारत में गुप्त साम्राज्य के दौरान हिमालय की पहाड़ियों के कुमाऊं क्षेत्र में कत्यूरी राजा थे। जागेश्वर मंदिरों का निर्माण भी उसी काल में हुआ था। इसी कारण मंदिरों में गुप्त साम्राज्य की झलक भी दिखाई पड़ती है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अनुसार इन मंदिरों के निर्माण की अवधि को तीन कालों में बांटा गया है। कत्यूरी काल, उत्तर कत्यूरी काल एवं चन्द्र काल।

**48. The Shiva Temple at Tanjavur was built by तंजौर का शिव मंदिर किसने बनवाया था?**

(a) Cholas/चोल शासकों ने

(b) Pallava/पल्लव शासकों ने

(c) Pandyas/पाण्ड्य शासकों ने

(d) Rashrakutas/राष्ट्रकूट शासकों ने

**UK PSC AE GS 2012**

**Ans. (a) :** तंजौर के शिव मन्दिर का निर्माण 1003-1010 ई0 बीच चोल शासक राजराज प्रथम ने करवाया था। यह प्रथम चोल मन्दिर है जिसके चारों तरफ चहारदीवारी (प्रकार) बनाया गया है। यह भारत के मन्दिरों में सबसे बड़ा और द्रविड़ स्थापत्य के चरमोत्कर्ष का प्रतीक है। इस मन्दिर का विमान 13 मंजिला पिरामिड के आकार का है। मन्दिर में त्रिपुरांतक शिव का धनुर्धर की काँस्य प्रतिमा विराजमान है।

**49. The famous rock-cut Kailash Temple is situated at/प्रसिद्ध शैलकृत कैलाश मंदिर स्थित है**

(a) Elephanta/एलिफेंटा

(b) Badami/बादामी

(c) Mahabalipuram/महाबलीपुरम्

(d) Ellora/एलोरा

**UK PSC AE GS 2012**

**Ans. (d) :** प्रसिद्ध शैलकृत कैलाश मंदिर महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में प्रसिद्ध एलोरा की गुफाओं में स्थित है। यह मंदिर दुनिया भर में एक ही पत्थर की शिला से बनी हुई सबसे बड़ी मूर्ति के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर एलोरा की गुफा संख्या 16 में स्थित है।

**50. Where is the famous Sun Temple of Konark situated?**
**कोणार्क का प्रसिद्ध सूर्य मंदिर कहाँ स्थित है?**

(a) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश में

(b) Andhra Pradesh/आन्ध्र प्रदेश में

(c) Odisha/उड़ीसा में

(d) Rajasthan/राजस्थान में

**UK PSC AE GS 2012**

**Ans. (c) :** ओडिशा राज्य के पुरी शहर में कोणार्क का सूर्य मन्दिर स्थित है। यह भव्य मन्दिर सूर्य देवता को समर्पित है और भारत का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। सूर्य देवता रथ के आकार में बनाया गया यह मन्दिर भारत की मध्यकालीन वास्तुकला का अनोखा उदाहरण है।

**51. The paintings of Ajanta depict stories of the अजन्ता की चित्रकारी निम्न में से किसकी कहानियों को दर्शाती है?**

(a) Ramayana/रामायण की

(b) Mahabharat/महाभारत की

(c) Jatakas/जातक की

(d) Panchatantra/पंचतन्त्र की

**UPPSC AE-2008**

**Ans. (c) :** अजन्ता की गुफाओं पर की गई चित्रकारी का संबंध जातक कथाओं से है। यह गुफा महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में अवस्थित है। यह गुफा कुल 29 पूर्ण निर्मित तथा 1 अर्द्ध निर्मित गुफाओं का एक समूह है। गुफा संख्या 16 में मरणासन्न राजकुमारी का चित्र बना हुआ है यूनेस्को द्वारा वर्ष 1983 में इसे विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था।

**52. Choose the correct pair:/सही युग्म को चुनिए:**

(a) Ellora Caves - Saka/एलोरा की गुफाएँ- शक

(b) Mahabalipuram - Rashtrkutas
महाबलीपुरम- राष्ट्रकूट

(c) Meenakshi Temple - Pallavas
मीनाक्षी मंदिर- पल्लव

(d) Khajuraho - Chandellas/खजुराहो- चन्देल

**UPPSC AE-2008**

**Ans. (d) :** प्रतिहारों के पतन के साथ ही चंदेल 9वीं शताब्दी में सत्ता में आये। चंदेल वंश का स्वतंत्र शासक यशोवर्मन था। इन्हे अपने वास्तुकला और कला के लिए जाना जाता है। इन्होंने अपनी राजधानी खजुराहो में मंदिरों का निर्माण करवाया था। यशोवर्मन ने खजुराहो में लक्ष्मण मंदिर का लोकार्पण किया। यशोवर्मन, धंग एवं विद्याधर के शासन काल में क्रमश: लक्ष्मण मंदिर, विश्वनाथ एवं कंदरिया महादेव मंदिर का निर्माण किया गया।

**53. Buddhist, Hindu and Jain rock-cut caves coexist at**
**बौद्ध, हिन्दू एवं जैन शैलकृत गुफाएँ एक साथ विद्यमान हैं**

(a) Ajanta/अजन्ता में (b) Elephanta/एलिफेंटा में

(c) Ellora/एलोरा में (d) Karle/कार्ले में

**UPPSC AE-2004**

**Ans. (c) :** एलोरा में बौद्ध, हिन्दू एवं जैन शैलकृत गुफाएँ एक साथ विद्यमान हैं। ये गुफाएँ औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में स्थित है। इन गुफाओं का निर्माण राष्ट्रकूट वंश के शासकों द्वारा कराया गया था।

## पूर्व मध्य काल (800-1200 ई.)
## (Pre-Medieval Period)

**54. In the battle of Chandawar (1194 CE) King Jaichand was defeated by Muhammad Gori. Present geographical location of Chandawar is/ चंदावर के युद्ध ( 1194 ई. ) में राजा जयचंद मुहम्मद गोरी से पराजित हुआ। चंदावर की वर्तमान में भौगोलिक स्थिति है**

(a) Etawah district in U.P. at the bank of river Yamuna/उ.प्र. के इटावा जनपद में यमुना नदी के तट पर
(b) Varanasi, U.P. at the bank of river Ganga/ वाराणसी, उ.प्र. में गंगा नदी के तट पर
(c) Kannauj, U.P. at the bank of river Yamuna/ कन्नौज, उ.प्र. में यमुना नदी के तट पर
(d) Prayagraj district in U.P. at the bank of river Yamuna./प्रयागराज जनपद में यमुना नदी के तट पर

**UPPSC AE 2021**

**Ans. (a) :** चंदावर के युद्ध (1194 ई.) में राजा जयचन्द्र मुहम्मद गोरी से पराजित हुआ। चंदावर वर्तमान में उ.प्र. के इटावा जनपद में यमुना नदी के तट पर स्थित है।

**55. With reference to the Vikramshila University which of the following statement is/are correct?**
**विक्रमशिला विश्वविद्यालय के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**1. Vikramshila was one of the most important centre of learning in India during the Pala period. /भारत में पाल काल में विक्रमशिला एक महत्वपूर्ण अध्ययन केन्द्र था।**

**2. Rakshit, Virochan, Ateesh, Deepankar and Ratnakar Shanti were very important Acharya of Vikramshila University./रक्षित, विरोचन, अतीश, दीपांकर तथा रत्नाकर शांति, विक्रमशिला विश्वविद्यालय के अति महत्वपूर्ण आचार्य थे।**

**Select the correct answer using the code given below: /नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए:**

**Code/कूट**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Neither 1 nor 2/न तो 1 और न ही 2
(c) Both 1 and 2/1 तथा 2 दोनों
(d) Only 2/केवल 2

**UPPSC AE 2021**

**Ans. (c) :** विक्रमशिला भारत का एक प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र था जिसकी स्थापना 8वीं शताब्दी में पाल शासक धर्मपाल ने की थी। रक्षित, विरोचन, अतीश, दीपांकर तथा रत्नाकर शांति विक्रमशिला विश्वविद्यालय के अति महत्वपूर्ण आचार्य थे।
अतः कथन (1) व (2) दोनों सही हैं।

**56. Who among the following founded the Vikramasila Mahavihara which was a great centre of education?**
**निम्नलिखित में से किसने शिक्षा के एक महान केन्द्र विक्रमशिला महाविहार का निर्माण करवाया था?**

(a) Baladitya/बालादित्य ने
(b) Dharmapala/धर्मपाल ने
(c) Gopala/गोपाल ने
(d) Harshavardhan/हर्षवर्धन ने

**UPPSC AE-2008**

**Ans. (b) :** विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना पालवंशीय शासक धर्मपाल द्वारा की गई थी। इस विश्वविद्यालय में बौद्ध धर्म तथा दर्शन के साथ ही साथ न्याय, तत्वज्ञान एवं व्याकरण का भी अध्ययन कराया जाता था। बख्तियार खिलजी के आक्रमण में यह विश्वविद्यालय नष्ट हो गया था। यह विश्वविद्यालय बिहार राज्य के भागलपुर जिले में स्थित था।

## विविध (Miscellaneous)

**57. Which one of the following philosophic systems rejected the belief in rebirth?**
**निम्नलिखित में से किस दर्शन ने पुनर्जन्म के विश्वास को अस्वीकार कर दिया?**

(a) Charvaka/चार्वाक (b) Buddhism/बौद्ध
(c) Jainism/जैन (d) Vedanta/वेदान्त

**UPPSC AE-2004**

**Ans. (a) :** चार्वाक दर्शन पुनर्जन्म के विश्वास को अस्वीकार करता है। चार्वाक दर्शन को लोकायत दर्शन भी कहा जाता है। इसके प्रणेता चार्वाक माने जाते हैं। इस दर्शन के अनुसार प्रत्यक्ष ही एकमात्र प्रमाण है। चार्वाक स्वर्ग, नर्क और पुनर्जन्म की अवधारणा को कपोत कल्पित मानते है।

**58. Whose envoy was Megasthnese?**
**मेगस्थनीज किसका राजदूत था?**

(a) Alexander/सिकंदर (b) Dhannand/धननन्द
(c) Seleucus/सेल्यूकस (d) Dimakar/दीमाकर

**UK PSC AE GS 2007**

**Ans. (c) :** मेगस्थनीज सेल्यूकस निकेटर का राजदूत था। जो मौर्य वंश के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में भारत आया। इसके द्वारा रचित इण्डिका पुस्तक में मौर्य युगीन समाज एवं संस्कृति का विवरण मिलता है। मेगस्थनीज ने इण्डिका नामक पुस्तक में पाटलिपुत्र के नगर प्रशासन का उल्लेख किया है।

**59. Match List-I with List-II and choose the correct answer using the code given below.**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए।**

| | List-I/सूची-I | List-II/सूची-II |
|---|---|---|
| A. | Kiratarjuniyam किरातार्जुनीयम् | 1. Dandi दण्डी |
| B. | Dashakumar Charitam दशकुमार चरितम् | 2. Kalidas कालिदास |
| C. | Buddha Charitam बुद्ध चरितम् | 3. Bharavi भारवि |
| D. | Vikramorvashiyam विक्रमोर्वशीयम् | 4. Ashvaghosha अश्वघोष |

**Code/कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**UPPSC AE GS 2019**

**Ans. (b) :** सही सुमेलित है।

| सूची-I (ग्रन्थ) | सूची-II (लेखक) |
|---|---|
| A. किरातार्जुनीयम् | 1. भारवि |
| B. दशकुमार चरितम् | 2. दण्डी |
| C. बुद्ध चरितम् | 3. अश्वघोष |
| D. विक्रमोर्वशीयम् | 4. कालिदास |

**60. Where will you be walking while paying a visit to Angkor Vat temple?**
**अंगकोरवाट मंदिर की यात्रा करते समय आप कहाँ पग बढ़ाते होंगे?**
(a) Malaysia/मलेशिया (b) China/चीन
(c) Philippines/फिलीपीन्स (d) Combodia/कम्बोडिया
**UK PSC AE GS 2007**

**Ans. (d) :** अंगकोरवाट मंदिर कम्बोडिया में स्थित एक मंदिर और दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक है। यह एक हिंदू मन्दिर है। यह कम्बोडिया के अंगकोर में है जिसका पुराना नाम यशोधरापुर था। इसका निर्माण सम्राट सूर्यवर्मन-II ने (1112-53 ई.) के शासनकाल में हुआ था।

**61. Aryabhatt was a/आर्यभट्ट थे**
(a) great leader of Aryans/एक महान आर्य नेता
(b) reputed astronomer and mathematician
एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री एवं गणितज्ञ
(c) eminent astrolonger/एक विश्रुत ज्योतिषी
(d) distinguished astronaut/एक प्रख्यात अंतरिक्षयात्री
**UK PSC AE GS 2007**

**Ans. (b) :** आर्यभट्ट एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री और गणितज्ञ थे। आर्यभट्ट का जन्म ईस्वी 476 में भारत के कुसुमपुरा (पाटलिपुत्र) नामक स्थान पर हुआ था। वह उन पहले व्यक्तियों में से थे, जिन्होंने बीजगणित का प्रयोग किया था। उन्होंने 'आर्यभट्टीय' नामक गणित की पुस्तक को कविता के रुप में लिखा। यह महाराजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के दरबार के माने हुए विद्वानों में से एक थे। इस महान पुरुष की मृत्यु ईस्वी 500 में हुई थी।

**62. Which of the following pairs is NOT correctly matched?**
**निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है?**

| Ancient name of the Cities शहर का प्राचीन नाम | | Modern name of the Cities शहर का आधुनिक नाम |
|---|---|---|
| (a) Esipattan इसिपत्तन | - | Saranath सारनाथ |
| (b) Dashapur दशपुर | - | Mandsor मन्दसौर |
| (c) Banvasi बनवासी | - | Talkad तलकाड |
| (d) Mahoday महोदय | - | Kannau कन्नौज |

**UPPSC AE GS 2019**

**Ans. (c) :**

| नगरों के प्राचीन नाम | | नगरों के आधुनिक नाम |
|---|---|---|
| ऋषिपत्तन/इसिपत्तन | - | सारनाथ |
| दशपुर | - | मन्दसौर |
| महोदय | - | कन्नौज |

उपर्युक्त विकल्प में बनवासी और तलकाड दोनों ही अलग-अलग स्थान है। बनवासी दक्षिण भारत के कदम्ब राजवंश की राजधानी थी। अन्य तीनों युग्म सुमेलित हैं।

**63. Which was the first metal used by man?**
**मानव द्वारा प्रयोग में लाई गयी पहली धातु कौन सी थी?**
(a) Copper/ताँबा (b) Tin/टिन
(c) Bronze/काँसा (d) Iron/लोहा
**UK PSC AE GS 2007**

**Ans. (a) :** आज से लगभग 4200 ई.पू. इंसान को ताँबा धातु का ज्ञान हुआ था। यह इंसान द्वारा प्रयोग की जाने वाली प्रथम धातु बनी। इसकी ठोस प्रवृत्ति और आसानी से न टूटने की क्षमता ने इंसान को इसे हथियार बनाने हेतु प्रेरित किया।

**64. From which place of Uttarakhand the Ashokan rock edict is reported?**
**उत्तराखण्ड के किस स्थल से अशोकीय शिलालेख सूचित है?**
(a) Kalsi/कालसी (b) Kotdwar/कोटद्वार
(c) Gochar/गोचर (d) Bhimtal/भीमताल
**UK PSC AE GS 2012**

**Ans. (a) :** कलसी अथवा कालसी उत्तराखण्ड के जिला देहरादून की तहसील चकरौता में स्थित है यह स्थान ऐतिहासिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है। यहाँ पर भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध मौर्य सम्राट अशोक का चतुर्थ शिलालेख एक चट्टान पर अंकित है। सम्भवतः यह स्थान अशोक के साम्राज्य की उत्तरी सीमा पर स्थित था।

**65. Which one of the following sites is usually identified with Indrapratha, the capital of Pandavas?**
**निम्नलिखित स्थलों में से किस एक की पहचान सामान्यतया पाण्डवों की राजधानी इन्द्रप्रस्थ के साथ की जाती है?**
(a) Dhaula Kuan/धौला कुआँ
(b) Mehrauli/मेहरौली
(c) Purana Qila/पुराना किला
(d) Hauz Khas/हौज खास
**UPPSC AE-2011**

**Ans. (c) :** पुराना किला (दिल्ली) की पहचान सामान्यतया पाण्डवों की राजधानी इन्द्रप्रस्थ के साथ की जाती है। पुराना किला नई दिल्ली में यमुना नदी के किनारे स्थित प्राचीन दीन ए पनाह नगर का आन्तरिक किला है। इसका निर्माण शेरशाह सूरी ने 1538 से 1545 के बीच करवाया था। किले में तीन बड़े द्वार व इसकी दीवारें विशाल हैं हिन्दू साहित्यानुसार यह किला इन्द्रप्रस्थ के स्थल पर है, जो पाण्डवों की विशाल राजधानी हुआ करती थी।

# मध्यकालीन इतिहास (Medieval History)

## गुलाम वंश (Slave Dynasty)

1. **With whom is 'Turkan-e-Chahalgani' associated with?/तुर्कान-ए-चिहलगानी' किससे संबंधित था?**
(a) Balban/बलबन
(b) Razia Sultan/रजिया सुल्तान
(c) Firozshah Tughlaq/फिरोजशाह तुगलक
(d) Iltutmish/इल्तुतमिश

**UKPSC AE 2021 (Re-exam)**

**Ans.(d):** तुर्कान-ए-चिहलगानी का सम्बंध इल्तुतमिश (1211-36) से है। अपने विरोधी सरदारों को परास्त कर इल्तुतमिश ने अपने वफादार गुलाम अमीरों की एक टुकड़ी का निर्माण किया जो 'तुर्कान-ए-चिहलगानी' अथवा 'चालीसा' के नाम से प्रसिद्ध थी।

2. **Which ruler completed the structure of Qutub Minar?/किस शासक ने कुतुब मीनार की संरचना को पूरा करवाया?**
(a) Qutbuddin Aibak/कुतुबुद्दीन ऐबक
(b) Balban/बलबन
(c) Razia Sultana/रजिया सुल्तान
(d) Iltutmish/इल्तुतमिश

**UKPSC AE GS 2013**

**Ans. (d) :** कुतुबमीनार की नींव कुतुबुद्दीन ऐबक ने डाली थी और इसे पूरा करने का काम उसके उत्तराधिकारी इल्तुतमिश ने किया। फिरोज शाह तुगलक के समय बिजली गिरने के कारण चौथी मंजिल नष्ट हो गई जिसके कारण फिरोज शाह तुगलक ने दो छोटी मंजिले बनवाई। जिससे ये 5 मंजिला हो गई।

## बलबन एवं उसके उत्तराधिकारी (Balban and its Successors)

3. **The nobility of the Sultanate of Delhi was largely composed of:/दिल्ली सल्तनत की कुलीनता प्रमुख रूप से किससे बनी थी-**
(a) Turks/तुर्क
(b) Arabs /अरब
(c) Afghans/अफगान
(d) Composite elements/सम्मिश्र अवयव

**UPPSC AE- 2007 Paper (I)**

**Ans. (a) :** अमीर सल्तनत काल में एक शक्तिशाली दल थे। अधिकांश अमीरों के मूल में तुर्क थे। सरकार में अधिकांश प्रांतीय गवर्नर, सैन्य कमांडर और उच्च पदाधिकारी इसी वर्ग से आते थे। अत: स्पष्ट है कि दिल्ली सल्तनत की कुलीनता प्रमुख रूप से तुर्कों से बनी थी।

## सल्तनत कालीन साहित्य एवं साहित्यकार (Literature and Litterateer in Sultanate Period)

4. **Who was the writer of Vinay Patrika? विनय पत्रिका के लेखक कौन थे?**
(a) Soordas/सूरदास (b) Tulsidas/तुलसीदास
(c) Kabirdas/कबीरदास (d) Ramdas/रामदास

**UK PSC AE GS 2007**

**Ans. (b) :** विनय पत्रिका के लेखक तुलसीदास हैं। विनय पत्रिका 279 स्तोत्र गीतों का संग्रह है। प्रारम्भ के 63 स्तोत्र और गीतों में गणेश, शिव-पार्वती, गंगा, यमुना, काशी, चित्रकूट, हनुमान, सीता और विष्णु के एक विग्रह बिन्दु माधव के गुणगान के साथ राम की स्तुतियाँ हैं।

5. **Who is considered as the progenitor of Sitar? सितार का जनक किन्हें माना जाता है?**
(a) Baiju Bawara/बैजू बावरा
(b) Amir Khusro/अमीर खुसरो
(c) Mian Tansen/मियाँ तानसेन
(d) Bade Ghulam Ali Khan/बड़े गुलाम अली खान

**UK PSC AE GS 2007**

**Ans. (b) :** अमीर खुसरो को सितार और तबले का जनक माना जाता है। तबला एक वाद्य यंत्र है। आधुनिक काल में गायन, वादन तथा नृत्य के संगीत में तबले का प्रयोग होता है। तबले के पूर्व यही स्थान पखावज अथवा मृदंग को प्राप्त था। कुछ दिनों से तबले का स्वतंत्र वादन भी अधिक लोकप्रिय होता जा रहा है। सितार भारत के सबसे लोकप्रिय वाद्ययंत्रो में से एक है। जिसका प्रयोग शास्त्रीय संगीत से लेकर हर तरह के संगीत में किया जाता है।

## विजयनगर, बहमनी तथा अन्य प्रान्तीय राजवंश/(Vijaynagar, Bahmani and Other Provincial Dynasty)

6. **In Kalhan's 'Rajatrangi' which state has been mentioned?/कल्हण की 'राजतरंगिणी' में किस राज्य का उल्लेख हुआ है?**
(a) Gujarat/गुजरात
(b) Uttarakhand/उत्तराखंड
(c) Kerala/केरल
(d) Jammu and Kashmir/जम्मू एवं कश्मीर

**UKPSC AE 2021 (Re-exam)**

**Ans.(d):** कल्हण के राजतंरगिणी' में 'कश्मीर' राज्य का उल्लेख है। राजतंरगिणी की रचना जयसिंह के शासनकाल में पूरी हुई। इसकी रचना महाभारत की शैली के आधार पर की गयी है।

7. **Rana Kumbha wrote a work on music named : राणा कुंभा ने संगीत पर एक ग्रंथ लिखा था जिस का नाम था–**
(a) Sangita – Darpana/संगीत-दर्पण
(b) Sangita – Raja/संगीत-राज
(c) Sangita – Ratnakara/संगीत-रत्नाकर
(d) Sangita – Sar/संगीत-सार

**UPPSC AE-2011**

**Ans. (b) :** राणा कुंभा राजस्थान के राजपूत वंश के शासकों में सर्वश्रेष्ठ थे। मेवाड़ के आस–पास जो उद्धत राज्य थे, उन पर उन्होंने अपना आधिपत्य स्थापित किया। 35 वर्ष की अल्पायु में उनके द्वारा बनवाए गए बत्तीस दुर्गों में चित्तौड़गढ़, कुंभलगढ़, अचलगढ़ जहाँ सशक्त स्थापत्य में शीर्षस्थ हैं। उनकी विजयों का गुणगान करता विश्व विख्यात विजय स्तम्भ भारत की अमूल्य धरोहर है। युद्ध विजय के साथ–साथ उनकी रचनात्मकता भी अद्भुत थी। 'संगीतराज' उनकी